**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक: 03.06.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी शकुर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जसूस को आज जयपुर की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। शकुर खान पर भारत से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का आरोप है। पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी सुरक्षा विष्णु कांत गुप्ता ने बताया कि खान की गतिविधियां काफी समय से संदिग्ध पाई जा रही थी। इसी के चलते सुरक्षा एजेंसियों की ओर से उस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। निगरानी के दौरान यह जानकारी सामने आई कि शकुर खान पाकिस्तान दूतावास में कार्यरत अहसान–उर–रहीम उर्फ दानिश और सोहेल कमर के साथ लगातार संपर्क में था। गौरतलब है कि दानिश को पहले ही केन्द्र सरकार द्वारा 'अवांछित व्यक्ति' घोषित कर पाकिस्तान भेजा जा चुका है।

00000

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि 31 मई 2025 के कारोबार समाप्ति तक प्रचलन में दो हज़ार रुपये के नोट घटकर 6,181 करोड़ रुपये मूल्य के रह गए हैं। रिज़र्व बैंक ने एक बयान में कहा कि मई 2023 में प्रचलन में रहे 3 लाख 56 हज़ार करोड़ मूल्य के करेंसी नोटों में से 98 दशमलव दो छह प्रतिशत नोट प्रणाली में वापस आ गए हैं। इससे पहले रिज़र्व बैंक ने 19 मई 2023 को दो हज़ार रुपये के बैंक नोट वापस लेने की घोषणा की थी और लोगों से 7 अक्टूबर 2023 तक किसी भी बैंक में नोट जमा करने या बदलने का अनुरोध किया था। शीर्ष बैंक ने कहा है कि बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे और आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में दो हज़ार रुपये के बैंक नोट जमा कराने और बदलने की सुविधा जारी रहेगी। इस सुविधा का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक इन कार्यालयों में भारतीय डाक द्वारा नोट भेज सकते हैं।

00000

आज विश्व साइकिल दिवस है। वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र ने 3 जून को विश्व साईकिल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। ये दिवस साईकिल वर्तमान के सबसे बडे वैश्विक संकटों–जलवायु परिवर्तन और जीवन शैली से जुडी बीमारियों का सरल समाधान बन सकती है के विचार को मान्यता देता है। केन्द्र सरकार की ओर से दिसम्बर 2024 में फिट इंडिया कैम्पेन के तहत संडेज़ ऑन साईकिल की शुरूआत की गई थी। इस पहल का उद्देश्य साईक्लिंग को स्वास्थ्य और फिटनेस के सहज और टिकाउ उपाय के रूप में बढावा देना है। विश्व साईकिल दिवस पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। भरतपुर में आज साइकिल रैली निकाली गयी। इसमें स्काउड गाइड, एनसीसी केडेट्स, विद्यार्थी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

00000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से प्रदेश में नशामुक्ति पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को नशे से दूर रहने और इससे बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कडी में आज जोधपुर में जालौरी गेट चौराहा से कलक्ट्रेट परिसर तक वाहन रैली निकाली गई। रैली में आम नागरिकों के साथ ही विद्यार्थियों और विभिन्न संगठनों ने नशामुक्ति का संदेश दिया। इस बीच भरतपुर को टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन में प्रदेश में पहला स्थान मिला है। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने पुलिस की कालिका यूनिट और चिकित्सा विभाग की टीम को उनके उल्लेखनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया।

00000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज अधिकांश भागों में तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा, संभाग के कुछ क्षेत्रों में गरज के साथ मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। वहीं उदयपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। राजधानी जयपुर में कई स्थानों पर बरसात हो रही है। सीकर, सवाईमाधोपुर और झालावाड में कल देर रात से सुबह तक रूक–रूक कर बारिश हुई। विभाग के अनुसार आंधी बारिश की गतिविधियों में 5 जून से कमी आने के आसार है। इसके अलावा 6 जून से पश्चिमी राजस्थान में अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा और तापमान 3 से 5 डिग्री सैल्सियस बढ सकता है।

00000

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल 2025 का फाइनल मैच आज खेला जाएगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच यह खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से होगा।

0000